# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com


पत्रांक 874 /ग्राम-दैनिक भास्कर / 05 दिनांक–13/05/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– **दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''डीएम जल जीवन मिशन की समीक्षा में नाराज, मानिटरिंग में कमी पर अधिकारियों को दी चेतावनी, हर घर नल लक्ष्य'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''डीएम जल जीवन मिशन की समीक्षा में नाराज, मानिटरिंग में कमी पर अधिकारियों को दी चेतावनी, हर घर नल लक्ष्य'' की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–06.05.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय के द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाती है एवं कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध शासन में पत्र प्रेषित किये गये है। वर्तमान में धनाभॉव के कारण कार्य धीमी गति से कराये जा रहे है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त शिकायत के निस्तारण हेतु हेल्प लाईन नं0– 18001212164, जे0जे0एम0 पोर्टल एवं जल सारथी एप के माध्यम से समयबद्ध निस्तरण करते हुए उपभोक्ता से फीडबैक भी लिया जाता है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

Letter/EE/2025/608